नकलची पकड़े जाने पर कुलपति ने दिए पर्यवेक्षक को हटाने के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। रुड़की क्षेत्र स्थित तकनीकी संस्थान में सेमेस्टर परीक्षाओं में बड़ी संख्या में नकलची पकड़े जाने को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैनात पर्यवेक्षक को भी जिम्मेदार माना गया है। संस्थान में नकल होने की शिकायतों के मद्देनजर बुधवार को औचक निरीक्षण पर पहुंचे उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने पर्यवेक्षक को बदलने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संस्थान प्रशासन एवं प्रबंधन को भी आड़े हाथों लिया है।

बता दें कि विगत 20 मई से विवि से संबद्ध तकनीकी संस्थानों में सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही है। नकल न होने देने के लिए विवि ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अपना

यूटीयू कुलपति ने रुड़की स्थित तकनीकी संस्थान का किया औचक निरीक्षण

पर्यवेक्षक भी तैनात किया है। रुड़की क्षेत्र के फोनिक्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इस केंद्र पर काफी संख्या में नकलची पकड़े जा रहे हैं। रुड़की क्षेत्र के परीक्षा केंद्रा पर उड़नदस्ते ने अभी तक 47 नकलची पकड़े हैं। जिनमें फोनिक्स इंस्टीट्यूट के सबसे ज्यादा 27 छात्र शामिल है। इस केंद्र पर नकल होने के मामले सामने आने के बाद बुधवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने फोनिक्स कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।

उनके साथ विश्वविद्यालय की उड़नदस्ता टीम भी साथ रही। कुलपति ने केंद्र की अव्यवस्थाओं पर निदेशक, केंद्र अधीक्षक और संस्थान प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यदि संस्थान द्वारा परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता और शुचिता के लिए विवि का सहयोग नहीं किया तो तो संस्थान के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को लापरवाही से कार्य करने के कारण तत्काल बदलते हुए दूसरे पर्यवेक्षक की तैनाती करने के निर्देश दिए।